हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 28 देहरादून, सोमवार, 17 जुलाई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना ला रही रंग 3

# प्रदेश में आज से हरेला पर्व का आगाज मुख्यमंत्री धामी ने किया पौधरोपण

**अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर में 'जल संरक्षण एवं जल धाराओं के पुनर्जीवन' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग**






देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हरेला पर्व के अवसर पर अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर में 'जल संरक्षण एवं जल धाराओं के पुनर्जीवन' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पौधे लगाए। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय प्रयास करने वाले स्कूलों एवं वन पंचायतों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं दी और सबके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व सुख, समृद्धि, शान्ति, पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण का प्रतीक है। यह पर्व सामाजिक सद्भाव का पर्व एवं ऋतु परिवर्तन का भी सूचक है। यह दिवस प्रकृति व मानव के सह अस्तित्व को स्मरण करने व प्रकृति संरक्षण के हमारे प्रण को पुनः दोहराने का दिन है। उत्तराखण्ड प्राकृतिक रूप से समृद्ध राज्य है। हरेला एक ऐसा ही पर्व है, जो हमारी प्रकृति से निकटता को और अधिक प्रगाढ़ बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को प्रतिज्ञा लेनी होगी कि हम प्राकृतिक धरोहर एवं विरासत को संरक्षित कर भावी पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देंगे। इस बार राज्य में हरेला पर्व की थीम जल संरक्षण एवं जल धाराओं का पुनर्जीवन निर्धारित की गई है। उन्होंने जल संरक्षण एवं संवद्र्धन की दिशा में सभी को योगदान देने के लिए अपील की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने सर्कुलर इकोनॉमी पर काफी जोर दिया है। क्योंकि जल संरक्षण के क्षेत्र में भी सर्कुलर इकोनॉमी की बड़ी भूमिका है, जब ट्रीटेड जल को पुनः उपयोग किया जाता है, ताजा जल को संरक्षण किया जाता है तो उससे पूरे इकोसिस्टम को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि राज्य की गैर हिम नदियों का ग्रीष्म कालीन प्रवाह बहुत कम रह गया है, जिसका प्रमुख कारण जलवायु परिवर्तन है। उत्तराखण्ड में अकेले पेयजल सैक्टर में जल की आवश्यकता की गणना की जाये, तो वर्ष 2052 की सम्भावित जल की मांग लगभग 1980 एम.एल.डी. आंकी गयी है, जो कि लगभग 23 क्यूमेक है। राज्य में मांग के सापेक्ष शतही श्रोतों पर आधारित मांग 70 प्रतिशत है, जो कि लगभग 1400 एम.एल.डी. ही है। कई विभागों द्वारा स्प्रिंगशेड सोर्स रिजूनिवेशन, कैचमेन्ट एरिया, सोर्स सस्टेनबलिटी, चाल-खाल, चौक डैम, कन्टूर ट्रैन्च आदि के कार्य कराये जा रहे है, जिसके अच्छे परिणाम भी सामने आये है। ऐसे में पूरे प्रदेश में एक मॉडल प्लान तैयार कर कार्य किये जाने की आवश्यकता है। इंडस्ट्री और खेती दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिसमें पानी की आवश्यकता अत्यधिक होती है, इन दोनों क्षेत्रों को मिल कर जल संरक्षण अभियान चलाना होगा और लोगों को जागरूक करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में पिछले 9 साल से जो भी प्रमुख विकास योजनाएं संचालित हो रही हैं, उन सभी में किसी न किसी रूप से पर्यावरण संरक्षण के साथ ही जल संरक्षण का आग्रह भी है। चाहे स्वच्छ भारत मिशन हो या वेस्ट टू हेल्थ से जुड़े कार्यक्रम हो, अमृत मिशन के तहत शहरों में आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का निर्माण हो, या सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति का अभियान हो या फिर नमामि गंगे अभियान के तहत गंगा स्वच्छता का अभियान हो, पर्यावरण रक्षा और जल संरक्षण के क्षेत्र में हमारे देश के प्रयास बहुआयामी रहे हैं। जल संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री जी द्वारा देशभर में अमृत सरोवर की शुरुआत की गई है। अमृत सरोवर योजना के तहत जिला स्तर, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर हो चुके तालाबों का जीर्णोद्धार कर इन्हें पुनर्जीवित किया जा रहा है।

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि हरेला पर्व के उपलक्ष्य में इस वर्ष प्रदेश में 08 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। वृक्षारोपण के साथ ही उनके संरक्षण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जायेगा। जिस सेक्टर में वृक्षों का सक्सेस रेट सबसे अधिक होगा, उस सेक्टर के वन दरोगा को सम्मानित किया जायेगा।

## आपदा प्रबंधन की लापरवाही से मुश्किल झेल रहा कोटद्वार : ऋतु खंडूड़ी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि कोटद्वार के लोग आपदा प्रबंधन की लापरवाही और अधिकारियों के ढ़ीले रवैये की वजह से मुश्किल झेल रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोटद्वार की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखें और प्रभावितों को तत्काल राहत पहुंचाई जाए।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने रविवार को यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर आपदा प्रबंधन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कोटद्वार में मालन नदी पर क्षतिग्रस्त हुए पुल के संबंध में कहा कि आपदा प्रबंधन की लापरवाही और अधिकारियों के ढ़ीले रवैये के कारण आज कोटद्वार के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रभावितों को रहने, खाने एवं अन्य आवश्यक सामग्री समय पर मिले। उन्होंने इस दौरान जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी, बीमारियों को फैसले से रोकने, पेयजल, बिजली, सडक़ व अन्य व्यवस्थाओं को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी जाए। इस दौरान उन्होंने मवाकोट- कण्वआश्रम मार्ग को ठीक करने के साथ ही चौड़ा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात में आवागमन के लिए स्ट्रीट लाइट लगवाई जाए। उन्होंने इस दौरान आपदा प्रबंधन विभाग से कोटद्वार में किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट देने को भी कहा। बैठक में आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिन्हा, लोनिवि सचिव डॉ पंकज पांडे, मुख्य अभियंता गढ़वाल दयानंद आदि मौजूद रहे।

## केदारनाथ मंदिर में मोबाइल फोन से फोटोग्राफी पर प्रतिबंध

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। केदारनाथ मंदिर में अब मोबाइल फोन से फटोग्राफी करने पर प्रतिबंध लग गया है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की और से इस संबंध में धाम में जगह जगह साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि केदारनाथ मंदिर के अंदर यदि कोई श्रद्धालु फोटो खींचता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

बता दें कि केदारनाथ मंदिर में आने वाले कई श्रद्धालु रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। जिससे धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंच रही है। हाल ही में केदारनाथ धाम में एक महिला द्वारा गर्भ ग्रह में नोट बरसाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था।



■ **बीकेटीसी ने परिसर में लगाए साइन बोर्ड**

बीकेटीसी ने पुलिस को भी पत्र लिखकर मंदिर परिसर में निगरानी रखने और वीडियो वायरल करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने को कहा था। बीकेटीसी के अध्यक्ष ने कहा कि धाम में अभी तक क्लॉक रूम की व्यवस्था नहीं है। श्रद्धालु मोबाइल फोन लेकर दर्शन कर सकते हैं। लेकिन मंदिर के अंदर फोटो और वीडियो नहीं खींच सकते हैं। इस पर प्रतिबंध है। यदि कोई श्रद्धालु आदेशों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लहसुन-प्याज के नाम से खौफ खाते हैं इस गांव के लोग, 45 सालों से किसी ने नहीं चखा स्वाद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 17 जुलाई : प्याज और लहसुन अपने घटते-बढ़ते दामों की वजह से हमेशा खबरों की हेडलाइन में बने रहते हैं. ज्यादातर घरों में इनका इस्तेमाल किया जाता है. प्याज-लहसुन के इस्तेमाल से खाने का स्वाद बढ़ जाता है. यह शरीर की इम्युनिटी पर जबरदस्त असर दिखाते हैं और मौसमी बीमारियों के खतरे को कम करते हैं. इतने फायदे होने के बाद भी कई लोग इससे परहेज करते हैं लेकिन आज हम आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पिछले 40 से 45 सालों से लहसुन-प्याज का इस्तेमाल नहीं किया गया है. गांव में मौजूद सभी घरों में लहसुन-प्याज खाने से लोग दूरी रखते हैं. इसका इतना खौफ है कि इसे बाजार से भी नहीं खरीदते हैं.

जिस गांव का यहां जिक्र किया जा रहा है, वह बिहार (Bihar) के जहानाबाद के नजदीक है. यह गांव जहानाबाद जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित है जिसे त्रिलोकी बिगहा गांव (Triloki Bigha Village) के नाम से जाना जाता है जोकि चिरी पंचायत के अंतर्गत आता है. इस गांव में तकरीबन 30 से 35 घर मौजूद हैं और यहां के सभी घरों में प्याज और लहसुन खाने की साफ मनाही है. यहां के सभी लोग बिना प्याज और लहसुन का खाना खाते हैं. त्रिलोकी बिगहा गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि इस गांव में तकरीबन 40 से 45 साल पहले ही लोगों ने प्याज और लहसुन खाना छोड़ दिया था और इस परंपरा का पालन यहां के लोग लंबे समय से करते चले आ रहे हैं.


गांव के बुजुर्गों की मानें तो गांव में ठाकुरबाड़ी का मंदिर (Thakurbadi Temple) मौजूद है जो कि सालों पुराना है और इसी मंदिर की वजह से लोगों ने लहसुन-प्याज से दूरी बना ली है. उनका कहना है कि कई लोगों ने इस परंपरा को तोड़ने की कोशिश की तो उनके घरों में कई तरह की अनहोनी देखी गई. इन घटनाओं के बाद यहां के लोगों ने लहसुन-प्याज खाना ही नहीं बल्कि बाजार से लाना भी छोड़ दिया. सिर्फ लहसुन और प्याज ही नहीं इस गांव में मांस और शराब जैसी चीजों की सख्त मनाही है. यहां आपको कोई भी शराब पीते हुए नहीं नजर आएगा और यहां के लोगों ने मांस का भी त्याग कर रखा है.




# दिन में सोने से काला मोतियाबिंद का खतरा, रिचर्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 17 जुलाई : रात में भरपूर नींद न ले पाना, दिन में नींद आना और खर्राटे भरने से आंखों पर बुरा असर पड़ता है। लंबे समय तक यह समस्या होने पर ग्लूकोमा (काला मोतियाबिंद) होने का जोखिम बढ़ जाता है। समय पर इलाज न मिल पाने से दृष्टिहीनता का भी खतरा बढ़ जाता है ग्लूकोमा के कारण आंखों की रोशनी चले जाने के बाद दोबारा नहीं लौटती है। शोधकर्ताओं ने बताया है कि भरपूर नींद न लेने की स्थिति में यह किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। बुजुर्गों विशेषकर पुरुषों धूम्रपान करने वालों में यह आम समस्या है। बीएमजे ओपन जर्नल में प्रकाशित शोध में ब्रिटेन के बायो बैंक अध्ययन में भाग लेने वाले 4 लाख से ज्यादा लोगों के डेटा का आकलन किया गया।


दिन में सोने से हो सकता है मोतियाबिंद

इस स्टडी में 40 से 69 आयु वर्ग के लोगों को शामिल किया गया था। अध्ययन में शामिल लोगों से उनकी नींद की आदतों के बारे में जानकारी जमा की गई। 2010 से 2021 तक चले इस अध्ययन के दौरान 8,690 मामलों की पहचान की गई। आंकड़ों के आधार पर शोधकर्ताओं ने पाया कि स्वस्थ नींद पैटर्न वाले लोगों की तुलना में खर्राटे और दिन की नींद में ग्लूकोमा का जोखिम 11% बढ़ गया। वहीं, अनिद्रा और छोटी या लंबी नींद लेने वालों में यह जोखिम 13% तक बढ़ गया था। अच्छी नींद न होने से निर्णय लेने की क्षमता, स्वभाव, सीखने की क्षमता और याददाश्त पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, 2040 तक दुनिया भर में 11.2 करोड़ लोग ग्लूकोमा से प्रभावित हो सकते है।

# आखिर क्यों एक कोने से कटे होते हैं SIM Card, जानें सिम के डिजाइन से जुड़ा यह Fact

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 17 जुलाई : आज के समय में शायद ही कोई ऐसा इंसान होगा, जो मोबाइल का इस्तेमाल न करता हो. आज 5 साल का छोटा बच्चा हो या फिर 70 साल का बूढ़ा इंसान, आपको हर कोई मोबाइल फोन इस्तेमाल करता दिख जाएगा. इसके अलावा आज इंटरनेट इतना सस्ता हो गया है कि लोग घंटों तक अपने मोबाइल फोन में लगे रहते हैं. इसी कारण लोगों के स्क्रीन टाइम में भी इजाफा हो गया है. हालांकि, मोबाइल चलाने के लिए सबसे अहम चीज है उसमे लगने वाला सिम कार्ड. बिना सिम कार्ड के आपका फोन मात्र एक डिब्बे के बराबर है. इसलिए फोन का इस्तेमाल करने के लिए सिम कार्ड का होना अनिवार्य हैं. हालांकि, आपने अब तक कई कंपनियों के सिम कार्ड देखे होंगे, लेकिन क्या आपने कभी इस बात पर ध्यान दिया है कि आखिर सिम कार्ड एक कोने से क्यों कटा होता है या फिर उसके एक कोने पर कट किस कारण से लगाया जाता है? अगर नहीं, आइये आज हम आपको इसके पीछे की अहम वजह के बारे में बताते हैं.

ऐसा नहीं है कि केवल अपने देश भारत में ही सिम कार्ड साइड में से कटे होते हैं बल्कि दुनिया भर में इसी प्रकार के सिम कार्ड बेचे जाते हैं. आज के समय में पूरी दुनिया में कई तरह की टेलीकॉम कंपनियां हैं, जो भारी मात्रा में सिम कार्ड बनाती हैं. आपकी नॉलेज के लिए बता दें कि पहले यानी शुरुआती समय में जो सिम कार्ड बनाए जाते थे, वो साइड से कटे हुए नहीं होते थे. उनका डिजाइन बेहद नॉर्मल और आयत आकार )का हुआ करता था.

ऐसे में लोगों को कई बार यह समझने में काफी दिक्कत होती थी की सिम का सीधा हिस्सा कौन सा है और उल्टा हिस्सा कौन सा है. कुछ लोग तो सिम का सीधा और उल्टा हिस्सा न पहचान पाने की वजह से उसे अपने मोबाइल फोन में उल्टा ही लगा दिया करते थे. इसके बाद नेटवर्क न आने पर सिम को दोबारा निकालने में भी काफी परेशानी होती थी. यहां तक की कई बार सिम की चिप भी खराब हो जाती थी.

ऐसे में लोगों की इस परेशानी को दूर करने के लिए टेलीकॉम कंपनियों ने सिम के आकार में बदलाव करने का निर्णय लिया. कंपनियों ने सिम कार्ड में बदलाव करते हुए उसे एक साइड को काट दिया. इस कट के लगने के बाद लोगों को मोबाइल फोन में सिम कार्ड डालने और निकालने में आसानी होने लगी क्योंकि मोबाइल फोन में भी सिम कार्ड के स्लॉट में वो कट दिखाया गया. ऐसे में अब कोई भी सिम कार्ड को आसानी से फोन में डाल सकता है. लोगों को मिलने वाली इस सुविधा को देखते हुए सभी टेलीकॉम कंपनियों ने सिम कार्ड को नए कट वाले डिजाइन के साथ बेचना शुरू कर दिया.



## चौपाल लगा कर ग्रामीणों की समस्या सुनीं

चम्पावत। बाराकोट ब्लॉक के फरतोला गांव में चौपाल लगाई गई। इस दौरान विशेष कार्याधिकारी शैलेश कुमार पंत ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। बाद में विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। देहरादून से आए विशेष कार्याधिकारी शैलेश कुमार पंत ने बारकोट ब्लॉक के फरतोला गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत दरयारतोली के ग्रामीणों ने गांव के जोडने वाले मोटर मार्ग की बदहाली और पानी की समस्या रखी। फरतोला के ग्रामीण ने फरतोला-गुरना सडक में डामर करने, लंपी रोग से मरने वाले पशुओं का मुआवजा देने, बरदाखान-बिसराड़ी सडक़ में डामर करने, बाराकोट-रामेश्वर सडक़ बनाने की मांग की। ग्रामीण सविता देवी ने नंदा गौरा योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की। विशेष कार्याधिकारी ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। चौपाल में ब्लॉक प्रमुख विनीता फत्र्याल, ज्येष्ठ उप प्रमुख नंदा बल्लभ बगौली, पूर्ति निरीक्षक मनोज साह आदि मौजूद रहे।

## पालिका ने सफाई अभियान चलाया

चम्पावत। पालिका ने फोर्ती गांव के रास्ते में सफाई अभियान चलाया। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा के नेतृत्व में फोर्ती पैदल मार्ग में झाडियों का कटान और बंद पड़ी नालियों की सफाई की। स्वच्छता अभियान में योगेश बगौली, दीपक नाथ, कीर्ति उपाध्याय, गोपाल जोशी, शंकर दत्त बगौली, कैलाश उपाध्याय, महेश पुनेठा, सोनू चौबे आदि शामिल रहे।

## डीएचओ ने माल्टा और कागजी नीबू के पौधे बांटे

चम्पावत। सेलाखोला उद्यान सचल दल केंद्र में रविवार को हरेला पर्व से पूर्व विभिन्न प्रजाति के पौधे वितरित किए गए। डीएचओ टीएन पांडे, केंद्र प्रभारी निधि जोशी ने कास्तकारों को माल्टा, कागजी नींबू के पौधे वितरित किए। डीएचओ पांडे ने बताया कि इस बार उद्यान विभाग पौधे वितरित करने के साथ पौधों रोपण भी विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सचल दल केंद्रों के माध्यम से पौधों के रोपण के विषय में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार विशेष रूप से गरम घाटी क्षेत्रों के लिए कटहल और करोंधे के पौधे मंगाए गए हैं ।

# दिगालीचौड़ में हरेला महोत्सव का शुभारंभ हुआ

चम्पावत। सीमांत दिगालीचौड़ में दो दिनी हरेला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस दौरान ब्रहम देवता के डोले को मंदिर से बिंडातिवारी खल में लाया गया। सोमवार को हरेला पर्व पर ब्रह्मादेवता की शोभा यात्रा निकलेगी। रविवार को धार्मिक अनुष्ठान के साथ हरेला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पुरोहित प्रकाश चंद्र ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। इस दौरान देव डांगरों ने अवतरित होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। शाम को ब्रह्मदेव मंदिर परिसर से ब्रह्मदेवता का खाली रथ बिंडातिवारी दिगालीचौड़ के ब्रह्म खल लाया गया। जहां पूजा अर्चना के बाद देवरथ को सजाया गया। देर रात लगी देव गद्दी में देव डांगरों ने अवतरित होकर दर्शन दिए। ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंची भजन मंडली ने भजन प्रस्तुत किए। ढुंगाबोरा गांव में भी ब्रह्म देवता के खल में रात्री जागरण हुआ। देव डांगर विद्याधर तिवारी, हरिदत्त तिवारी, टीकाराम तिवारी, रमेश जोशी, कैलाश तिवारी, नवीन तिवारी, नारायण सिंह बिष्ट, रमेश सिंह बिष्ट, प्रधान मोनू बिष्ट, हरि सिंह अधिकारी, हरि सिंह बोरा, कुंदन सिंह, पूरन चंद, केशव राम, पवन कुमार, लक्ष्मण भंडारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# साइबर ठगों ने लगाया व्यक्ति को 99,997 रुपये का चूना

देहरादून। कोरियर डिलीवरी को पांच रुपये के ऑनलाइन भुगतान का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को 99,997 रुपये का चूना लगा दिया। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि अपर तुनवाला निवासी विनीत किशोर बिष्ट ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में तहरीर दी। कहा कि 30 जून को वह अवकाश पर बाहर गए थे। इस दौरान उनका एक कोरियर आना था। आरोप है कि 27 जून को एक नंबर से कॉल आया। उसने कोरियर डिलीवरी ब्वॉय के नंबर पर भेजने के लिए लिंक भेजा। आरोप है कि डिलीवरी ब्वॉय को लिंक भेजा तो उसने लिंक पर पांच रुपये का भुगतान करने को कहा। पीड़ित ने पांच रुपये का भुगतान करने को लिंक पर खाते की जानकारी डाल दी।

## दून अस्पताल के मेडिकल स्टाफ की वेतन को सीएम पोर्टल पर गुहार

देहरादून। दून अस्पताल के मेडिकल स्टाफ ने जून माह का वेतन नहीं मिलने एवं हर माह 25 तारीख तक ही वेतन दिए जाने को लेकर कड़ा आक्रोश जताया है। उन्होंने सीएम पोर्टल पर शिकायत कर वेतन समय से जारी करने की गुहार लगाई है। सोनिया, प्रियंका, शुभम, हर्षित, धीरा ने कहा कि उपनल एवं टीडीएस से लगे नर्सिंग, पैरामेडिकल स्टाफ का वेतन 25 से 30 तारीख और कभी दो महीने बाद मिलता है। जिससे उनके घर का बजट बिगड़ जा रहा है। प्रशासनिक अनुभाग द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है और अफसर उन्हें गुमराह करते हैं। उन्होंने कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है।

## अंकिता के गांव तक पदयात्रा करेंगे कांग्रेस नेता

देहरादून। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर पुनः आक्रामक हुई कांग्रेस के नेता सोमवार को पौड़ी में अंकिता भंडारी के गांव तक पदयात्रा करेंगे। कांग्रेस वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन और प्रशासन मथुरा दत्त जोशी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और वरिष्ठ नेता मनीष खंडूड़ी सहित तमाम नेता करीब 20 किमी पैदल चलकर अंकिता के गांव पहुंच उनके परिजनों से मिलेंगे। पहले कांग्रेस ने अंकिता हत्याकांड सहित अन्य मुद्दो को लेकर 17 जुलाई से पौड़ी लोकसभा में पांच दिवसीय यात्रा प्रस्तावित की थी, लेकिन अब राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेश पर उक्त यात्रा को संक्षिप्त कर दिया गया है। इसके बजाय कांग्रेस का ध्यान अब प्रदेश स्तरीय पदयात्रा पर है।

## गर्भवती युवती ने कराया प्रेमी पर दुष्कर्म का केस

देहरादून। तीन महीने की गर्भवती युवती ने प्रेमी के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस साक्ष्य जुटाकर आरोपों की जांच कर रही है। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी युवती ने तहरीर दी। कहा कि वह सिराज निवासी भगत सिंह कॉलोनी, रायपुर को पिछले तीन साल से जानती है। आरोप है कि शादी का झांसा देकर उसने कई बार पीड़िता के साथ शरीरिक संबंध बनाए। अभी वह तीन महीने की गर्भवती है। आरोप है कि अब शादी नहीं कर रहा है। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार को पीड़िता के मजिस्ट्रेटी बयान दर्ज कराए जाएंगे। पुलिस के मुताबिक पीड़िता और आरोपी युवक अलग-अलग समुदाय से हैं।



# 6400 हीरों से जड़ी दुनिया की सबसे महंगी शराब की बोतल, कीमत जानकर आपके होश ही उड़ जाएंगे

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 17 जुलाई : आजकल लगभग हर समारोह में शराब परोसी जाती है. एक तरह से लोगों के बीच शराब पीना स्टेटस सिंबल बन गया है.  इसी क्रम में हम आज आपको दुनिया की 5 सबसे महंगी शराब के बारे में बताने जा रहे हैं. इनकी कीमत जानकर आपके होश ही उड़ जाएंगे.टकीला ले .925 इस दुनिया की सबसे महंगी शराब के रूप में जानी जाती है. आपको जानकर हैरानी होगी कि इसकी बोतल में 6400 हीरे जड़े हुए हैं. इस बहुत ही महंगी शराब की मेक्सिको में लॉन्चिंग हुई थी. सबसे हैरान करने वाली बात है कि 6400 हीरों से जड़ी इस शराब की बोतल को आजतक किसी ने खरीदने की हिम्मत नहीं की है. इस कारण आज तक इस शराब की कीमत (Alcohol Price) पता नहीं चल पाई है.

वोदका पीने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है. कुछ लोगों को वोदका का टेस्ट बहुत पसंद होता है. आपको बता दें कि डीवा को दुनिया की सबसे महंगी वोदका माना जाता है. इसके हर बोतल में अलग तरह का सांचा होता है. जिसमें स्वारोस्की क्रिस्टल रखे जाते हैं. ड्रिंक को गार्निश के लिए इनका इस्तेमाल किया जाता है. डीवा वोदका की कीमत 7 करोड़ 30 लाख रुपये है. आपको जानकर हैरानी होगी कि डेलमोर 62 इतनी महंगी व्हिस्की है, जिसकी आज तक सिर्फ 12 बोतलें ही बनाई गई है. इसकी एक बोतल की कीमत 1 करोड़ 50 लाख रुपये से ज्यादा है.

बहुत सारे लोगों को शैंपेन पीना पसंद होता है. आपने देखा होगा कि खिलाड़ी लोग जीत के बाद शैंपेन के साथ जश्न मनाते हैं. इस दुनिया की सबसे महंगी शैंपेन अमांडा डी ब्रिगनैक मिडास (Amanda De Brignac Midas) है. इसके बोतल का साइज काफी बड़ा है. इस शैंपेन के एक बोतल की कीमत 1 करोड़ 40 लाख रुपये से भी ज्यादा है , रेड वाइन (Red Wine) बहुत सारे लोगों को पसंद होती है. आपको बता दें कि पेनफोल्ड्स एम्पूल (Penfolds Ampoule) इस दुनिया की सबसे महंगी रेड वाइन है. इसकी बोतल पेन के आकार की होती है. इस रेड वाइन के एक बोतल की कीमत 1 करोड़ 20 लाख रुपये से ज्यादा है.







## पूर्व सैनिकों ने कहा, हमारी उपेक्षा कर रही केंद्र सरकार

विकासनगर। पूर्व सैनिक पर्वतीय जन कल्याण समिति की रविवार को बहादरपुर में संपन्न हुई बैठक में ओआरओपी की विसंगतियां दूर नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई गई। पूर्व सैनिकों ने कहा कि सीमाओं की रक्षा करने के बाद सेवानृवित्त होने पर सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए निरंजन सिंह चौहान ने कहा कि बीती 20 फरवरी से पूर्व सैनिक वन रैंक वन पेंशन के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दे रहे हैं। बावजूद इसके केंद्र सरकार उनकी सुध नहीं ले रही है। कहा कि जवानों ने विषम भौगोलिक परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा की। अब उन्हीं जवानों को अब अपने अधिकारों के लिए धूप, बरसात में धरना देना पड़ रहा है। कहा कि सरकार को पता है कि पेंशन में विसंगतियां हैं, फिर भी सरकार आंखों पर पट्टी बांधकर पूर्व सैनिकों की उपेक्षा की जा रही है।

## अपनी धरोहर संस्था ने विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक योगदान करने वालों को किया सम्मानित

अल्मोड़ा। उत्तराखण्ड के ऐतिहासिक पर्व हरेला के पूर्व दिवस पर रविवार को उत्तराखंड की संस्कृति संवर्धन को समर्पित संस्था अपनी धरोहर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कार्य करने वाले विभूतियों को सम्मानित किया एवं तहसील परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। नगर पंचायत सभागार में आयोजित सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि महिला आयोग उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का आभार जताया। पूर्व विधायक महेश नेगी ने सम्मानित विभूतियों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करने की अपील की। यहाँ कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति, लोकगायकी, कृषि, पर्यावरण, काष्ठ शिल्प आदि विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाली स्थानीय विभूतियों को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पिरुल आर्टिस्ट मंजू साह, प्रधान रेखा बिष्ट, महिला एकता परिषद की मधुबाला काण्डपाल, काष्ठ शिल्पी राधेश्याम, भवानी राम, रतनराम, जे पी तिवारी, पवन तिवारी, कमलेश वाल्मीकि, तुषार मठपाल, मेघा साह, महेश गिरी आदि शामिल हैं।

# देहरादून में तीन दिन से CNG सप्लाई ठप, कारों के पहिए थमे, लोग परेशान







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 17 जुलाई : राजधानी देहरादून में पिछले तीन दिन से सीएनजी की सप्लाई ठप है। कांवड़ यात्रा में उमड़ी भीड़ की वजह से देहरादून तक सीएनजी नहीं पहुंच पा रही। हाल ये हो गए हैं कि सीएनजी वाहनों के पहिए थम गए हैं। फिलिंग स्टेशन खाली हो गए हैं।

मजबूरी में लोगों को वाहनों को हरिद्वार तक ढोना पड़ रहा है, ताकि वाहन में सीएनजी भरवाई जा सके। दरअसल देहरादून में गेल कंपनी हरिद्वार से ट्रकों के जरिए सीएनजी की सप्लाई करती है, लेकिन कांवड़ यात्रा के दौरान उमड़ी भीड़ के चलते सीएनजी वाहनों की राह मुश्किल हो गई है। दून शहर में वर्तमान में करीब आठ फिलिंग स्टेशन चल रहे हैं, लेकिन तीन दिन से यहां सीएनजी की सप्लाई नहीं हो रही। आने वाले कुछ दिनों तक हरिद्वार से आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद भी कम ही नजर आती है। देहरादून आरटीओ के अनुसार शहर में करीब 10 हजार सीएनजी वाहन हैं। यहां हरिद्वार से सीएनजी सप्लाई होती है, जो कि अक्सर बाधित हो जाती है।चारधाम यात्रा के दौरान भी सप्लाई बाधित हो गई थी, अब कांवड़ यात्रा में भी यही स्थिति बन गई है। सहस्त्रधारा रोड व रेसकोर्स स्थित फिलिंग स्टेशन में सीएनजी नहीं है। इससे वाहन चालक तो परेशान हैं ही, कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। उधर गैस अथॉरिटी लिमिटेड की जीएम मीनाक्षी त्रिपाठी ने बताया कि यात्रा के दौरान सीएनजी सप्लाई के लिए प्रशासन की अनुमति है, लेकिन भारी भीड़ के कारण ट्रकों को रायवाला में रोका गया है। इसी की वजह से सप्लाई बाधित हुई है। 15 जुलाई के बाद हालात सामान्य हो जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### वेदाचार्यों ने दी लोगों को वेदों के महत्व की जानकारी

विकासनगर। आर्य समाज मंदिर डोभरी में रविवार को साप्ताहिक सत्संग और हवन किया गया। वेदाचार्यों ने लोगों को वेदों के महत्व की जानकारी दी। भजनोपदेशकों ने भजनों के माध्यम से वेदों की ओर लौटने को जागरूक किया। आचार्य नरेंद्र तोमर ने कहा कि वेदों का ज्ञान सभी के लिये ग्राह्य और धारण करने योग्य है। वेदों के ज्ञान को आचरण में लाकर ही मनुष्य ज्ञानी, सदाचारी तथा धार्मिक बनता है। जो मनुष्य वेद ज्ञान के विरुद्ध आचरण करते हैं वह न तो ज्ञानी हो सकते हैं, न ही सदाचारी और धार्मिक हो सकते हैं। इसका ज्ञान, अनुभव मनुष्य को वेदाध्ययन और ईश्वर की उपासना करने से होता है। ऋषि दयानन्द ने अपने वेदों के गहन ज्ञान के आधार पर वेदों को सब सत्य विद्याओं की पुस्तक बताते हुए घोषणा की है कि वेदों को पढना, पढ़ाना, सुनना और सुनाना सभी सज्जन, श्रेष्ठ, आर्य पुरुषों का परम धर्म है। बताया कि वेदों के अनुसार मनुष्य जीवन के लक्ष्य हैं धर्म का पालन, सत्कर्मो से अर्थ की प्राप्ति, शास्त्र के अनुसार मर्यादित जीवन व्यतीत करना और ईश्वर का साक्षात्कार कर मोक्ष को प्राप्त करना। वेद रुढ़िवाद के बजाय शास्त्रों की बुद्धि और ज्ञान युक्त बातों को स्वीकार करने की शिक्षा देते हैं। इन्हीं शिक्षाओं को धारण, पालन कर हमारे पूर्वज ऋषि, महर्षि, योगी, ध्यानी व महापुरुष बनते थे। उन्होंने कहा कि आज की परिस्थितियों को देखकर नहीं लगता कि कोई मनुष्य इन महापुरुषों के कार्यों के अनुरूप अपने जीवन को बना सकेगा। बावजूद इसके हमारे लक्ष्य इन महापुरुषों के अनुरूप अपने जीवन को बनाना ही है। इस दौरान यशपाल सिंह तोमर, अजय आर्य, नागेंद्र सिंह तोमर, सुमन आर्य आदि मौजूद रहे।

### महिला के साथ अभद्र टिप्पणी करने पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की महिला ने एक नामजद युवक सहित दो के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उस पर अभद्र टिप्पणी कर उसके मान-सम्मान को ठेस पहुंचाई है। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सहसपुर थाना पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि 11 जुलाई को आरोपी नरेंद्र रावत और उसके साथी ने केदारावाला गांव में उस पर अभद्र टिप्पणी की है। यही नहीं आरोपियों ने उसके मान-सम्मान को भी ठेस पहुंचाई है। जिससे क्षेत्र मे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को क्षति पहुंची है। महिला ने आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने आसामाजिक कार्य किया है, जिसको लेकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी आवश्यक है। जिससे और समाज में फिर से ऐसी हरकतें अन्य महिलाओं और उसके साथ दोबारा न कर सके। थानाध्यक्ष गिरीश सिंह नेगी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई रश्मि रावत को सौंपी गयी है। बताया कि जांच के दौरान जो तथ्य और साक्ष्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### जौनसार बावर में धूमधाम से मनाया गया हरियाली जात्रा पर्व

विकासनगर। जौनसार बावर के कई गांवों में रविवार को जात्रा हरियाली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दिन अपने ईष्ट देवी-देवता और आराध्य देव की पूजा-अर्चना कर ढोल दमाऊ के साथ देवता के चिन्ह खत, गांव के पास स्थित मैदान में स्थापित कर पर्व मनाया जाता है। इस पर्व के साथ ही आज से क्षेत्र में सावन माह की शुरुआत हो गई। जौनसार बावर अपनी अनूठी लोक परंपराओं के लिए जाना जाता है। यहां सदियों से जात्रा पर्व मनाने की परंपरा रही है। इस दिन स्थानीय लोग देवता के चिन्ह छड़ी, निशान आदि लेकर गांव के पास ऊंचे मैदान पर इक_ होते हैं। देव आराधना करने के साथ स्थानीय वाद्ययंत्रों की थाप पर देवगीत, लोकगीत गाकर पारंपरिक हारुल नृत्य करते हैं। जौनसार के खत द्वार, धुनोउ, बनगांव आदि क्षेत्रों में हर्षोल्लास से जात्रा पर्व मनाया गया। गांव के लोगों ने एकत्रित होकर अपने ईष्ट शिलगुर महाराज, काली माता की पूजा-अर्चना करने के बाद जात्रा मेला की शुरुआत कर खेत फसल की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। रविवार सुबह महिला, पुरुष गांव के पास मैदान में एकत्र हुए और पारंपरिक लोक नृत्य कर पर्व की खुशी जाहिर करते हुए एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान सदर स्याणा रजनीश नेगी, शमशेर चौहान, विरेंद्र नेगी, युद्धवीर नेगी, मोहन सिंह नेगी, भगत सिंह नेगी, सुरेश थपलियाल, राकेश भट्ट, पिंकेश भट्ट, सुल्तान सिंह चौहान, टीकम चौहान, नरेंद्र चौहान, केसर चौहान, जयपाल सिंह, चंदन सिंह, नरेंद्र सिंह, शूरवीर सिंह चौहान, प्रताप सिंह, अर्जुन सिंह, भजन दास आदि मौजूद रहे।

# अजब-गजब : 'चूहों के बिल' में रहते हैं इस गांव के लोग, गर्मी में लगती है ठंड और सर्दी में रहता है गर्म

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 17 जुलाई : हम सबने चूहों के बिल देखे होंगे. चूहे अपने बिल से बाहर निकलते हैं, अपना खाना लेते हैं और फिर झट से बिल में घुस जाते हैं. आप भी सोचते होंगे कि आखिर चूहे इतने छोटे से बिल में कैसे रह लेते होंगे. आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया के नक्शे पर एक ऐसा गांव है, जहां 'चूहों के बिल' में इंसान रहते हैं. क्या हुआ? चौंक गए न आप! ईरान में एक गांव है कंदोवन. इस गांव के लोग सैकड़ों सालों से 'चूहों के बिल' में रहते हैं. दुनिया के कुछ गांव अपनी खूबसूरती और कुछ अजीबो-गरीब परंपराओं के लिए जाने जाते हैं लेकिन ईरान का कंदोवन गांव 'चूहों के बिल' जैसे घरों के लिए जाना जाता है. दरअसल, इस गांव के लोग चूहों के बिलों में नहीं रहते बल्कि यहां के लोग अपने घर को बिल्कुल चूहों का बिल जैसा बनाते हैं. यह बिल्कुल सच है. हम आपको बताते हैं कि यहां के लोग ऐसा क्यों करते हैं.

कंदोवन गांव के लोग अपने घरों को चूहों के बिल जैसा इसलिए बनवाते हैं, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिल सके. भले ही यह घर दिखने में अजीब लगते हैं, लेकिन रहने में बहुत ही ज्यादा आरामदायक होते हैं. यह गांव कोई 100-200 साल पुराना नहीं, बल्कि 700 साल पुराना है. इस गांव में रहने वाले लोगों को न तो हीटर की आवश्यकता पड़ती है और न ही AC की जरूरत होती है. गर्मी के मौसम में ये घर एसी की तरह ठंडे रहते हैं. सिर्फ यही नहीं सर्दी में ये घर गर्म होते हैं.

यहां रह रहे लोग बताते हैं कि मंगोलों के हमलों से बचने के लिए उनके पूर्वजों ने यह गांव बसाया था. कंदोवन गांव के प्रारंभिक निवासी मंगोलों के हमलों से बचने के लिए यहां आए थे. यहां वह मंगोलों से छिपने के लिए ज्वालामुखी चट्टानों में अपना ठिकाना खोजते थे. एक तरह से वह यहां पर बिल खोदकर उसमें रहते थे. धीरे-धीरे यही उनका स्थायी घर बन गया. अब यह गांव दुनियाभर में अपने अनोखे घरों के लिए जाना जाने लगा है.



# मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना ला रही रंग, भारत जापान तकनीकी इंटर्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच का शुभारंभ




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, शनिवार को विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष में आईआर-डीएटी सभागार सर्वे चौक में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सभागार में उपस्थित विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, आईएचएम के प्रशिक्षार्थी और वहाँ उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को शुभकामनाऐं दी। उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के अन्तर्गत जापान में Elderly Care Giver के रूप कार्य करने हेतु चयनित प्रथम बैच के 34 प्रशिक्षार्थियों के सहसपुर स्किल हब में प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ किया।

इस योजना में राज्य सरकार द्वारा समस्त प्रशिक्षण पर होने वाले व्यय का 20 प्रतिशत वहन किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा शेष प्रशिक्षण धनराशि हेतु बैंक से लोन लिये जाने पर उक्त ॠण पर देय ब्याज का अधिकतम 75 प्रतिशत भार राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। संस्था द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की फीस को इस प्रकार निर्धारित किया जायेगा। अभ्यर्थी के सेवायोजित होने से पूर्व 30 प्रतिशत की धनराशि ही देय होगी। मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा इस अवसर पर प्रतिष्ठित वाहन निर्माता



मै. अशोक लिलैण्ड के साथ विभाग द्वारा किये गये एक त्रिवर्षीय समझौता ज्ञापन पर भी हर्ष व्यक्त किया गया। इस समझौता ज्ञापन के अन्तर्गत 12 विभिन्न व्यवसायों में आई0टी0आई0 उत्तीर्ण युवाओं को शिशिक्षु के रूप में कार्य पर लिये जाने तथा एक वर्ष की शिशिक्षु अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरान्त फर्म में नियमित ट्रेनी के रूप में लिये जाने का प्रावधान किया गया है।

इस समझौता ज्ञापन में 3 वर्ष के लिए है और फर्म द्वारा प्रत्येक वर्ष लगभग 1000आई0टी0आई0 उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को ट्रेनी के रूप में लिये जाने सहमति व्यक्त की गयी है। इस मौक़े पर यूनाइटेड किंगडम में नर्सिंग, जर्मनी में नर्सिंग तथा जापान में नर्सिंग तथा हॉस्पिटेलेटी सेक्टर में युवओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं NAVIS India, ENVERTIZ Consultancy, LEARNET Skills एवं GENRISE के प्रतिनिधियों द्वारा भी विस्तार से विदेशों में रोजगार की सम्भावनाओं और उस हेतु तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी।

मंत्री द्वारा कौशल विकास एव सेवयोजन विभाग की अल्पावधिक / दीर्घावधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सम्बन्ध में आमजन-मानस तथा युवाओं को अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराने के लिये, 04 कौशल रथ को भी हरी झंडी देकर रवाना किया गया। कौशल रथ विभिन्न प्रिंटेडली-फलेट तथा ऑडियो वीडियों के साथ राज्य के विभिन्न ग्रामों में 1 माह की अवधि तक भ्रमण पर रहेगें। इसके अलावा समस्त युवाओं को आई0टी0आई0/ कौशल विकास कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के लिये प्रेरित करेगें। कार्यक्रम में विभागीय सचिव विजय कुमार यादव द्वारा अपने उदबोधन में विभाग के इन योजनाओं में युवाओं द्वारा अधिक से अधिक प्रतिभाग करने के आवाहन के साथ इस बात पर जोर दिया गया कि प्रदेश के समस्त स्किल तथा रिस्किल युवाओ के लिये अंग्रेजी तथा व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। विभाग द्वारा इस संबंध में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। विभागीय सचिव के अतिरिक्त इस कार्यक्रम में अपर सचिव सी० रविशंकर और निदेशक प्रशिक्षण संजय कुमार आदि द्वारा भी प्रतिभाग किया गया और अपने विचार व्यक्त किये गये।

## संक्षिप्त खबरें

### भूस्खलन के चलते जौनसार बावर के 43 मोटर मार्ग फिर हुए बंद

विकासनगर। मलबा आने से रविवार को जौनसार बावर में 43 मोटर मार्ग फिर से बंद हो गए। देर शाम तक इन मार्गों पर आवाजाही शुरू नहीं हो सकी थी। 43 मार्गों के बंद होने से जहां प्रभावित क्षेत्रों के लोग अलग-थलग पड़े हैं। वहीं नगदी फसलों को बाजार तक नहीं पहुंचा पा रहे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। बारिश कम होने के बाद जौनसार बावर क्षेत्र में कई मोटर मार्गों के खुलने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारु होने के आसार बढ़ गये थे, लेकिन शनिवार रात से लेकर रविवार को सडक़ किनारे की पहाडियों पर लगातार हो रहे भूस्खलन से बंद मार्गों की संख्या फिर से बढक़र 43 हो गयी है। हालांकि लोनिवि, पीएमजीएसवाई की जेसीबी लगातार मलबा हटाने का काम कर रही हैं, लेकिन एक जगह मलबा हटाते ही दूसरी जगह मलबा आने और पुश्तों के टूटने से मार्ग फिर से बंद हो रहे हैं। बंद पड़े 43 मोटर मार्गों में हरिपुर इच्छाडी क्वानू मीनस, साहिया क्वानू, दारागाड कथियान, पुरोडी रावना डामटा, कालसी बैराटखाई, खारसी, भूराड, टिपराड, कोटी कनासर, अटाल पुल से रोटा खड्ड, रिखाड बिसोई, मखटी पोखरी ककनोई, बंगूर, अणु चिल्हाड, बाणा चिल्हाड, क्यारापुल डामटा कोटा म्यूंडा, कोटी कनासर बिनसोन, कोठा आरा, बिजऊ कुइथा, हमराऊ ललऊ मसराड, हमराऊ ललऊ, कुशियो कचटा खाती, शहीद सुरेश तोमर गास्की, नराया लोरली, दौधा, भुपऊ, निछिया पिहानी, पट्यूड, गेघाटू कुल्हा, बानपुर, प्यूनल, लाखामंडल खबऊ, दमन दसेऊ, भाजरा, कांड टूयूटाड, डांगुरा महटयावा, सैंज चंदेऊ, कोठा तारल, गडोल सकरौल आदि सभी मोटर मार्ग शामिल हैं। किसान नगदी फसलों टमाटर, गोभी, सेम, बींस, हरी मिर्च, हरी धनियां, लौकी, शिमला मिर्च आदि फसलों को मंडियों तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। जिससे खेतों में ही फसलें खराब होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### अराजक तत्वों ने तोड़ा सेल्फी प्वाइंट

बागेश्वर। सरयू नदी पर नए पुल में पालिका ने सेल्फी प्वाइंट बनाया है। अराजक तत्वों ने उसे क्षतिग्रस्त कर दिया है। गेट पर लगी एक घंटी भी गायब है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। बागनाथ मंदिर और नुमाइशखेत मैदान को जोडऩे वाले पुल पर सेल्फी प्वाइंट है। जिसमें आइ लव यू बागेश्वर लिखा है। दिल के आकार को अराजक तत्वों ने बिगाडऩे की कोशिश की है। जबकि मुख्यद्वार पर लगी तीन घंटियों में एक घंटी भी गायब हो गई है। पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### भाजपा महिला मोर्चा ने मिलेट्स की उपयोगिता बताई

बागेश्वर। भाजपा महिला मोर्चा ने मिलेट्स माह उत्सव का आयोजन कर मोटे अनाज के लिए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने मोटे अनाज से बने पकवानों के साथ टिफिन बैठक कर मोटे अनाज की उपयोगिता बताई। रविवार को महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपा आर्या ने मोटे अनाज मडुवा, ज्वार, बाजरा और भट्ट की गुणवत्ता के बारे में चौरासी में महिलाओं को जानकारी दी। यहां भाजपा उपाध्यक्ष जीवंती कांडपाल, महिला मोर्चा महामंत्री रूपा रौतेला, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विमला कपकोटी, नगर उपाध्यक्ष भावना गडिया, नगर मंत्री हेमा धपोला, भगवती धपोला, माया गिरी रहीं।

### गरुड़ में दो-दो योजनाओं होने के बाद भी लोग प्यासे

बागेश्वर। दो-दो पेयजल योजनाओं के बाद भी गरुड़ के लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। गरुड़, टीट बाजार, स्याल्देटीट, भकुनखोला के लोग पानी के लिए बेहाल हैं। गरुड़ में बृहद और देवनाई गरुड़ दो पेयजल योजना होने के बाद भी पानी का संकट बना हुआ है। 400 से अधिक परिवार एक हैंडपंप के सहारे हैं। गरुड़ टीट बाजार, स्याल्देटीट, भकुनखोला के लोगों को 17 करोड़ की लागत से बनी गरुड़ बृहद पेयजल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हर घर जल, हर घर नल के तहत लगे नल शोपीस बने हैं। मनोज जोशी ने बताया कि कुछ समय तक गरुड़ बृहद पेयजल योजना में पानी आया, लेकिन अब पानी आना बंद हो गया है। मनोज गोस्वामी, दिनेश गोस्वामी, उमा शंकर भाकुनी, कैलाश सिंह ने कहा कि विभाग को सूचित करने के बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं हो रही है। जल निगम की जेई अंजलि नेगी ने बताया की पानी नहीं आने की सूचना मिली है।

# उत्तराखंड में सांप्रदायिक सौहार्द, मुस्लिमों ने भोले के भक्तों पर बरसाए फूल

न्यूज वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 17 जुलाई : उत्तराखंड के रुड़की में एक बार फिर हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। यहां कांवड़ यात्रा के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भगवान शिव के भक्तों का दिल खोलकर स्वागत किया। समुदाय के लोगों ने हिंदू भाइयों पर फूलों की वर्षा की। शहर के मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा किए गए इस व्यवहार की हर किसी ने दिल खोलकर तारीफ की। क्षेत्र में पूरे दिन हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की चर्चा रही। कांवड़ यात्री बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए शहर में पहुंचे तो मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

जोरदार स्वागत से कांवड़ यात्री भी गदगद नजर आए। कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखंड नागरिक सम्मान समिति और ऑल इंडिया सूफी संत परिषद की ओर से किया गया था। इसके तहत समुदाय के लोगों ने हरिद्वार से जल देकर अपने गंतव्य को जा रहे कांवड़ यात्रियों का पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इस कार्य की सभी लोगों ने सराहना की। इस दौरान सूफी रशीद अहमद फरीदी ने कहा कि यह हम सब मुस्लिम समुदाय के लोगों का कर्तव्य है कि अपने हमवतन हिंदू भाइयों का हम स्वागत करें। क्योंकि वह हमारे मेहमान हैं।

सूफी मरगूब फरीदी ने कहा कि चाहे ईद का मौका हो या पिरान कलियर का उर्स, हमारे हिंदू भाई भी मुस्लिम भाइयों का स्वागत और सेवा करते हैं, जो हमारी मिली-जुली संस्कृति का प्रतीक है। इस मौके पर सलमान अफरीदी ने कहा कि समिति की ओर से पिछले कई सालों से कावड़ यात्रा का स्वागत किया जाता रहा है। ऑल इंडिया सूफी संत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखंड नागरिक सम्मान समिति के संयोजक शायर अफ़जल मंगलोरी ने कहा कि परिषद के सभी सदस्यों ने कांवड़ियों की जो सेवा व सत्कार किया, उससे सद्भावना व एकता के संदेश को बल मिलेगा।





## जनहित कार्य करने में पूरी तरह फेल रही भाजपा सरकार : माहरा


ऋषिकेश। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों पर कार्य करने में पूरी तरह से फैल रही है। भाजपा राज में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी बढ़ी है। रविवार को पौड़ी जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा का ढालवाला में कांग्रेसियों ने स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि सोमवार को संसदीय सीट पौड़ी से स्वाभिमान न्याय यात्रा का शुभारंभ होगा। जिसके लिए वे पौड़ी जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में देश की जनता त्रस्त है। उत्तराखंड व देश में बहु-बेटियां सुरक्षित नहीं है। सरकार अंकिता भंडारी हत्याकांड में दोषियों को बचाने का कार्य कर रही है। भाजपा की केंद्र सरकार ने अग्निवीर जैसी योजना लाकर सेना में जाने वाले युवाओं के सपने को तोड़ दिया है। जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने कहा कि केदारनाथ में 230 किलो सोना चोरी कर सिर्फ 23 किलो रह गया और कई कुंतल चांदी मंदिर से चोरी हो गई। यह भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा है। जोशीमठ आपदा की स्थिति पूरी दुनिया के सामने हैं। जोशीमठ आपदा से निपटने के लिए भाजपा सरकार द्वारा आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उत्तराखंडियत को बचाने के लिए उत्तराखंड के स्वाभिमान की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा वरिष्ठ नेता मनीष खंडूरी के संयोजन में स्वाभिमान न्याय यात्रा निकाली जा रही है। इस मौके पर अभिषेक भट्ट, महावीर खरोला, दिनेश सकलानी, दिनेश भट्ट, अजय रमोला, विनोद सकलानी, सुरेंद्र भंडारी, सुरेंद्र रमोला, शिवम भट्ट, सवेंद्र कंडियाल, अमित तडियाल, प्रमिला विजल्वाण, अनीता कोटियाल आदि उपस्थित रहे।

## तपोवन में बरसाती नाले से अतिक्रमण हटाया

ऋषिकेश। नदी-नालों की घेरबाड़ करने वालों पर प्रशासन का डंडा चला है। तपोवन में प्रशासन की टीम ने बरसाती नाले में कब्जे की नीयत से बनी झोपडियों को हटा दिया। दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। कार्रवाई के दौरान झोपड़ी में रहने वाले लोगों में हडकंप की स्थिति नजर आई।

तहसीलदार पितांबर दत्त रावत की अगुवाई में रविवार को प्रशासन की टीम पुलिस फोर्स के साथ तपोवन पहुंची। यहां टी-प्वाइंट पर पार्किंग के नजदीक बरसाती नाले में टीम के पहुंचते ही झोपडियों में बसे लोगों में अफरा-तफरी फैल गई। कार्रवाई के दौरान नाले में 20 झोपडियों को ध्वस्त किया गया। झोपडियों को हटाने के दौरान कई लोग अधिकारियों से मोहलत देने की गुहार लगाते नजर आए। हालांकि, पुलिस बल की मौजूदगी में उनकी एक नहीं चली। बरसात होने के चलते सभी को प्रशासन ने सुरक्षित स्थान पर भेज दिया। तहसीलदार ने बताया कि कुछ लोगों ने झोपडियां बनी ली थी।

# गढ़वाल में आकाश से गिरी बिजली एक साथ 100 भेड़-बकरियों की मौत





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

टिहरी गढ़वाल 17 जुलाई : उत्तराखंड में आफत की बारिश से किसानों और पशुपालकों पर बड़ी बुरी बीत रही है। जौनसार क्षेत्र में जहां किसानों की सेब की फसल बर्बाद हो गई है तो वहीं बिजली गिरने से पशुओं की मौत की खबरें भी लगातार सामने आ रही हैं। ऐसी ही एक घटना टिहरी के घनसाली में भी हुई है। यहां पांवली बुग्याल के धोरांश तोक में बिजली गिरने से 100 से ज्यादा भेड़ बकरियों की मौत हो गई। राजस्व उपनिरीक्षक व पशुपालन विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है।

जानकारी के मुताबिक भिलंग पट्टी के कैलबागी गांव निवासी त्रिलोक सिंह राणा अपनी बकरियों को लेकर पंवाली बुग्याल धोरांश गए हुए थे। पिछले एक हफ्ते से बकरियां यहीं धोरांश में घास चर रही थीं, इस दौरान 11 जुलाई को क्षेत्र में मौसम अचानक खराब हो गया। इस दौरान बिजली गिरने से सौ भेड़-बकरियों की मौत हो गई। त्रिलोक राणा इसकी सूचना प्रशासन को देना चाहते थे, लेकिन नेटवर्क न होने की वजह से वो ऐसा नहीं कर पाए। बाद में तहसील क्षेत्र पहुंचने पर उन्होंने किसी तरह प्रशासन तक इस बात की सूचना पहुंचाई।

एसडीएम केएन गोस्वामी ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि राजस्व उप निरीक्षक और पशु पालन विभाग की टीम को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। घुत्तू से पंवाली की दूरी 18 किमी है, जल्द ही टीम गांव में पहुंच जाएगी। उधर ऐसी ही घटना कोटद्वार में भी हुई है। यहां आकाशीय बिजली गिरने से द्वारीखाल में 4 बकरियों और एक गाय की मौत हो गई। घटना के बाद से पीड़ित पशुपालक गहरे सदमे में हैं। दैवीय आपदा ने उनसे आजीविका का साधन छीन लिया। पीड़ितों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### पॉलीथिन का उपयोग करने पर चार दुकानदारों पर जुर्माना

बागेश्वर। नगर में सिंगल यूज प्लास्टिक फिर चलन में आ गया है। जबकि इस पर रोक है। नगर पालिका ने शनिवार को अभियान चलाया। टीम ने चार दुकानदारों पर कार्रवाई की और जुर्माना लगाया। उन्हें चेतावनी दी यदि वह नहीं माने तो बड़ी कार्रवाई की जाएगी। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध है। बावजूद दुकानों पर यह जमकर बिक रहा है। नगर पालिका टीम दुकानों पर पहुंची। दुकानदारों की काउंसिलिंग की गई। उन्हें बताया गया कि पॉलीथिन से मानव जीवन प्रभावित हो रहा है। कैंसर जैसी बीमारी हो रही है। प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। मवेशियों के लिए भी हानिकारक है। पानी को भी जहर बना रहा है। जिससे पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की योजना का पलीता लग रहा है। नगर की दुकानों पर ताबड़तोड़ छापे में चार व्यापारियों से सिंगल यूज प्लास्टिक के बैग, गिलाश आदि बरामद हुए। उन्हें जब्त किया गया और 2500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। यहां अधिशासी अधिकारी हयात सिंह परिहार, सफाई निरीक्षक रजत कुमार, नंदन सिंह चिलवाल, दीवान परिहार, महिराज खेतवाल रहे।

### घरेलू विवाद में युवक ने खुद को चाकू मारा

हल्द्वानी। एक युवक ने पत्नी से विवाद के बाद खुद के पेट में चाकू मार लिया। अस्पताल से युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। ग्राम पूछड़ी निवासी ओमपाल अपने परिवार के साथ रहता है। पुलिस के अनुसार रविवार की दोपहर में पत्नी से उसका विवाद हो गया। गुस्साए युवक ने खुद को चाकू मारकर घायल कर लिया। हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से गंभीर हालत में उसे रेफर कर दिया गया है। कोतवाल अरुण कुमार बताया कि पुलिस को मौके पर भेजा गया था।

### भाजपा पार्टी नहीं परिवार है : कैड़ा

हल्द्वानी। भाजपा धारी मंडल द्वारा रविवार को टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा भाजपा पार्टी नहीं परिवार है। भाजपा कार्यकर्ता जनता की एक परिवार की तरह सेवा करने का काम कर रहे हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, महामंत्री संजय नयाल, हरीश सिंह, किशन पांडे, बच्ची सिंह, मोहन सिंह, हंसा, हरेंद्र नयाल, पंकज नयाल, गोपाल सिंह, धन सिंह, वीरेंद्र सिंह, कृष्णा चंद्र आदि मौजूद रहे।

### सीबीएसई की कंपार्टमेंट परीक्षाएं सोमवार से

हल्द्वानी। सीबीएसई की कंपार्टमेंट परीक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी। हाईस्कूल की मैथमेटिक्स स्टैंडर्ड, मैथमेटिक्स बेसिक विषय की परीक्षा सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक कराई जाएगी। वहीं, 12वीं के हिन्दी, संस्कृत, हिस्ट्री, मैथमेटिक्स समेत सभी विषयों की परीक्षा भी इसी समय पर होगी। सीबीएसई की सिटी को-ऑर्डिनेटर मंजू जोशी ने बताया कि यूनिवर्सल कॉन्वेंट, निर्मला कॉन्वेंट, सेंट थैरेसा, इंस्पिरेशन और लेक्स इंटरनेशनल स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### 146 पाउच कच्ची शराब संग तीन दबोचे

हल्द्वानी। कोतवाली पुलिस ने बिंदुखत्ता में 146 पाउच कच्ची शराब के साथ तीन आरोपियों को पकड़ा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा ने बताया पुलिस टीम ने गुसाई सिंह तिवारी निवासी नगर चित्रकूट को 48 पाउच कच्ची शराब व रावत नगर द्वितीय क्षेत्र में मोहन मेहता निवासी बिंदुखत्ता को 62 पाउच, घोड़ानाला में अमन गुप्ता को 36 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### स्वच्छता अभियान चलाया व जागरूकता रैली निकाली

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन परिवार ने नीलकंठ मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने यात्रा मार्ग पर फैली गंदगी को साफ किया। इस दौरान उन्होंने रैली के जरिए शिवभक्तों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। रविवार को परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती के निर्देश पर ऋषिकुमारों, आचार्यों व अन्य सेवकों ने स्वच्छता अभियान व जागरूकता रैली निकाली। इसके जरिए परमार्थ निकेतन से बाघखाला तक स्वच्छता अभियान चलाया गया और वहां से गुजरने वाले शिवभक्तों को जागरूक किया गया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के बीच अत्यंत गहरा संबंध है। हमारा परिवेश स्वच्छ होगा, तो स्वास्थ्य जोखिम भी कम होगा। यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाये रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

# बारिश से बंद सड़कें तत्काल खोलें : डीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी। डीएम अभिषेक रूहेला ने जिले में बीते दिनों हुई भारी बारिश से अवरुद्ध सडक़ों को तत्काल खोलने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बीआरओ तथा राज्य सरकार के संगठनों को संसाधनों को एक-दूसरे के साथ साझा करने की व्यवस्था करनी चाहिए। इससे बंद सडक़ों को जल्द खोला जा सकेगा। सभी पुलों की जांच कर आवश्यक सुरक्षा एवं मरम्मत कार्य समय पर पूरा करने को कहा।


जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने बीआरओ, प्रशासन, लोनिवि तथा नगर निकायों के अधिकारियों को सडक़ों एवं विभन्न नगरीय क्षेत्रों में जलभराव से निपटने को कहा। भूस्खलन से बंद सडक़ों को खोले जाने पर जोर दिया। बीआरओ के अधिकारियों के बताया कि उसके अधीनस्थ राजमार्ग में तीन ऐसे कलवर्ट हैं जिनके जल निकास से आवासीय क्षेत्रों में भूमि कटाव हो रहा है, जिसके कारण लोगों के द्वारा इन्हें बंद करने का प्रयास किया जाता रहा है।

डीएम ने इन कलवर्ट से निकलने वाली पानी को नदी तट तक टैप करने का प्रस्ताव तैयार करने की हिदायत देते हुए कहा कि सडक़ों के नारदानों की निरंतर सफाई और मरम्मत करें, जिससे सडक़ों पर जल जमाव न हो। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों के अंतर्गत जलभराव के चिन्हित मामलों का अविलंब निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा एक सप्ताह में वे पुनः इसका फालोअप देखेंगे। उपजिलाधिकारियों को भवनों, पशुओं और खेतों जैसी व्यक्तिगत परिसंपत्तियों के नुकसान के मामलों की निरंतर समीक्षा कर प्रभावितों को समय से राहत उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में एडीएम तीर्थपाल सिंह, एसडीएम चतर सिंह चौहान, एसडीएम मीनाक्षी पटवाल, देवेन्द्र कुमार, देवानन्द, बीआरओ के कमांडर विवेक श्रीवास्तव, ओसी मेजर नमन नरूला, ले. कर्नल बीनू बीएस., लोनिवि के ईई डीएस ह्यांकी, ईई रजनीश कुमार, ईई पीएमजीएसवाई आशीष भट्ट थे।

## बेलड़ा प्रकरण पर महासंघ ने 27 को बुलाई महापंचायत

हरिद्वार। पूर्व न्यायाधीश कांता प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री अंकिता भंडारी हत्याकांड के बाद मुआवजा लेकर उनके घर जा सकते हैं तो हरिद्वार में अनुसूचित जाति के व्यक्ति की हत्या होने पर उसके घर क्यों नहीं आ सकते? उन्होंने कहा कि 27 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय रोशनाबाद से सटे बाबा साहब डॉ.बीआर आंबेडकर चौक पर बेलड़ा प्रकरण महापंचायत आहूत की जाएगी। महापंचायत में जिले के साथ ही बाहरी राज्यों से भी समाज के लोगों से संपर्क किया जा रहा है। पूर्व न्यायाधीश रविवार को टिबड़ी स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर में अनुसूचित जाति के सामाजिक संगठनों के महासंघ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बेलड़ा प्रकरण में जब तक पुलिस के अधिकारी नहीं बदले जाएंगे तब तक स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि मृतक पंकज की पत्नी को पांच हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन और डीए मिलना चाहिए। मृतक के बच्चों का ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई का खर्च सरकार उठाए, इसका प्रावधान भी एससी-एसटी एक्ट में है। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह ने कहा कि महासंघ के बैनर तले समाज की लड़ाई लड़ी जाएगी। आगामी 27 जुलाई को महापंचायत में पूरे देश से समाज के लोग एकत्रित होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बेलड़ा निवासी पंकज की हत्या की गई है।

## संपादकीय



### चांद की ओर सफर

'चंद्रयान-3' पृथ्वी की पहली कक्षा पार कर चुका है। अभी वह पृथ्वी के ही चक्कर काटेगा और वहीं से चांद तक का सफर तय करेगा। जिस दिन 'चंद्रयान-3' का सफल प्रक्षेपण किया गया था, तब करोड़ों भारतीयों ने तालियां बजाई थीं। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' सरीखे उद्घोष गूंज उठे थे। भारत के लिए चंद्रयान, गगनयान आदि मिशन ही महत्त्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि सामान्य उपग्रह भी अर्थपूर्ण हैं। अंतरिक्ष में भारत और इसरो का महत्त्व बढ़ता जा रहा है। अब अमरीका का नासा भी इसरो के साथ साझा मिशन का आगाज करेगा, यह दोनों देशों के बीच समझौता हो चुका है। 'चंद्रयान-3' भारत और विश्व के अंतरिक्ष-इतिहास का एक मील पत्थर साबित हो सकता है। चीन जैसे दुश्मन देश के सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' तक ने भारत और इसरो को बधाई दी है, बेशक वहां की सत्ता के भीतरी भाव भय और जलन के होंगे! बहरहाल अब आगामी 23 अगस्त तक समूचे भारत और विश्व की निगाहें और शुभकामनाएं 'चंद्रयान-3' पर स्थित होंगी कि वह चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कैसे करता है। 'चंद्रयान-1' ने जो डाटा उपलब्ध कराया था, उससे चंद्रमा पर जल के साक्ष्य मिले थे। 'चंद्रयान-3' का सफर उससे बहुत आगे का है। यदि लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान' अपने मिशन में सफल रहे, तो 'चंद्रयान-3' चांद की समूची सतह, पानी के व्यापक कणों, चांद की मिट्टी और रासायनिक तत्त्वों, रोशनी और रेडिएशन आदि का सम्यक अध्ययन कर सकेगा। उससे संभव होगा कि चांद पर इनसानी जिंदगी बसाई जा सकती है अथवा नहीं। भारत को पहले तो गैर-मानव मिशन को सफल साबित करना है। यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा, तो भारत प्रथम देश होगा, जो चांद के दक्षिणी ध्रुव पर नियंत्रित लैंडिंग कर सकेगा। यह क्षेत्र बिल्कुल काला, अंधकारमय है। सूरज की किरणें भी यहां तक नहीं पहुंच पाती हैं, लिहाजा तापमान भी -235 डिग्री सेल्सियस होता है। 'चंद्रयान-3' में ऐसे खास बंदोबस्त किए गए हैं, ताकि मिशन को सौर ऊर्जा मिलती रहे और उसका भंडारण भी किया जा सके। सब कुछ का अध्ययन करने के बाद हमारे इंजीनियरों और वैज्ञानिकों ने 'चंद्रयान-3' को मूर्त रूप दिया है। मिशन का मकसद 'रोवर' को चांद की सतह पर चलते दिखाना भी है। अंतरिक्ष अभियानों और उपग्रहों ने भारत के लिए कई परिवर्तनकारी प्रगतियां हासिल की हैं।

दैनिक न्यूज़ वायरस

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## जगन्नाथ मंदिर के कायाकल्प को ठोस कार्ययोजना बनाएंगे

उत्तरकाशी। जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला रविवार को साल्ड गांव स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने कहा कि साल्ड गांव स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जाएंगे। इधर, ओडिया अभिनेता सब्यसाची मिश्रा ने डीएम से फोन पर बातचीत कर मंदिर के विकास के प्रयासों की सराहना की। रविवार को डीएम ने मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर के पुजारियों के साथ मंदिर परिसर के विकास एवं सौंदर्यीकरण तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में विचार-विमर्श किया। कहा कि भगवान जगन्नाथ का उत्तराखण्ड स्थित यह अनूठा मंदिर हाल के दिनों में राष्ट्रीय परिदृश्य में व्यापक रूप से चर्चित हुआ है। जिसके चलते इस मंदिर में श्रद्धालुओं का आवागमन बढऩे की पूरी उम्मीद है। लिहाजा जगन्नाथ मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और यहां पर श्रद्धालुओं हेतु विभिन्न सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर तात्कालिक एवं दीर्घकालीन महत्व के कार्यों को चरणबद्ध ढंग से संपादित किया जाएगा। रूहेला ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं अन्य सुविधाओं को विकास हेतु पर्यटन विकास विभाग एवं ग्रामीण निर्माण विभाग को तात्कालिक महत्व के कार्य अविलंब प्रारंभ करने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि सिंचाई विभाग के माध्यम से मंदिर परिसर की सुरक्षा दीवार का निर्माण जल्द करवाया दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा मंदिर परिसर में हाल ही में कुछ सोलर लाइट स्थापित करवाई गई हैं, जरूरत पडऩे पर और लाइट स्थापित की जाएंगी। जिलाधिकारी ने मंदिर प्रांगण में पत्थर बिछाने, रेलिंग की स्थापना और संपर्क मार्ग के सुधार के संबंध में भी अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। इसी दौरान श्री जगन्नाथ मंदिर साल्ड को व्यापक रूप से चर्चा में लाने वाले ओडिया अभिनेता सब्यसाची मिश्रा ने भी जिलाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर जिला प्रशासन के द्वारा मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## हरेला पर्व पर बसूंगा और साल्ड में रोपे पौधे

उत्तरकाशी। जिले में हरेला पर्व के उपलक्ष्य में वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। हरेला पर्व के शुभारंभ पर भटवाड़ी ब्लॉक के बसूंगा गांव में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में डीएम अभिषेक रुहेला ने अधिकारियों व कर्मचारियों सहित आईटीबीपी, एनडीआरएफ व ग्रामीणों के साथ विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे। साल्ड गांव स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में भी पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ गौरव कुमार, डीएफओ डीपी बलूनी, एसडीएम चतर सिंह चौहान, सीएमओ डा. आरसीएस पंवार, जिला युवा कल्याण अधिकारी विजय प्रताप भण्डारी, आईटीबीपी कमांडेट एनएस भण्डारी, एनडीआरएफ के निरीक्षक अमलेश कुमार, गंगा विचार मंच के लोकेंद्र बिष्ट आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चम्पावत में सिटरस प्रजाति के पौधे बांटे

चम्पावत। उद्यान विभाग ने काश्तकारों को सिटरस प्रजाति के पौधों का वितरण किया। किसानों से पौधों की देखभाल करने की अपील की गई। विभाग ने इस वर्ष 60 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। रविवार को डीएचओ टीएन पांडेय के नेतृत्व में माल्टा, कागजी नीबू आदि के पौधों का वितरण किया गया। सेलाखोला उद्यान सचल दल केंद्र में हुए कार्यक्रम में डीएचओ ने लोगों से पौध लगाने के बाद देखभाल करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस बार जिले में 60 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। बताया कि घाटी वाले क्षेत्रों में कटहल और करोधे के पौधे लगाए जाएंगे। केंद्र प्रभारी निधि जोशी ने पौधों को लगाने की तकनीकि जानकारी दी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं

रुद्रपुर। प्रीत विहार क्षेत्र में शनिवार को मछली के तालाब से एक युवक का शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। विसरा को सुरक्षित रख लिया गया है। वहीं मृतक के परिजनों ने मौखिक आरोप लगाने के बाद भी किसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। रम्पुरा निवासी विवेक कोली (18 साल) पुत्र रमेश चंद्र कोली शुक्रवार दोपहर से घर से लापता था। शनिवार सुबह प्रीत विहार स्थित मछली के तालाब में उसका शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को तलाब से निकाला था। परिजनों ने हत्या कर शव तलाब में फेंकने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। एसएसआई कमल हसन ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई भी चोट का निशान नहीं है। परिजन मृतक के गले पर निशान बता रहे थे। पुलिस ने युवक का विसरा सुरक्षित कर लिया है, जबकि मृतक के परिजनों ने किसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नही कराई है।

### बिजली चोरी के मामले में 21 उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा

रुद्रपुर। विजिलेंस टीम द्वारा दो दिन पूर्व पकड़े गई बिजली चोरी के मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसडीओ अंबिका यादव ने 21 लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी थी। सभी मीटर से पहले कटिया डालकर बिजली चोरी करते पाए गए थे। जिसमें पोस्ट ऑफिस गौटिया निवासी रजनी देवी, राकेश, आजाद मार्केट के राजकुमार, वार्ड छह गौटिया सैयद बबलू, तिगरी चौराहा निवासी हर सिंह, नारायण सिंह, निर्मला देवी, कोरंगघाट मझोला नरेश चंद, प्रेम चंद, विपिन चंद, गणेश चंद, भुवन चंद, बिरिया मझोला गुज्जर बस्ती अब्दुल गफ्फार, मझोला गुज्जर बस्ती अब्दुल जब्बार, याकूब अब्दुल गफ्फार, भानी चंद, मझोला गुज्जर बस्ती निवासी विक्रम चंद, हसीनी बीबी, बिरिया मझोला गुज्जर गुलाम मुस्तफा, मुकेश सिंह, जितेंद्र के विरुद्ध 135 विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पूर्व सैनिक संगठन धूमधाम से मनाएगा कारगिल विजय दिवस

रुद्रपुर। पूर्व सैनिक संगठन की बैठक में कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूर्व सैनिकों ने समान नागरिक संहिता का पूर्ण समर्थन करते हुए राज्य सरकार द्वारा इस कानून को लागू किए जाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। बैठक में सेवानिवृत्त होकर आए सेना के चार जवानों का स्वागत भी किया गया। तहसील परिसर में संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस विकास खंड परिसर में मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा छह अगस्त को दिल्ली में प्रस्तावित अगस्त क्रांति कार्यक्रम में भागीदारी करने तथा 15 अगस्त को ओमकारेश्वर मंदिर अमाऊं में स्वतंत्रता दिवस मनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में गत एक जुलाई को सेवानिवृत्त हुए मोहन सिंह धामी, दीवान सिंह, कुंडल सिंह, राजेंद्र भंडारी का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। पूर्व सैनिकों ने समान नागरिक संहिता पर सरकार का पूर्ण समर्थन किया। पदाधिकारियों ने कहा कि 23 अगस्त को स्टेशन हेडक्वाटर बनबसा में पेंशन की सर्वर से संबंधित परेशानियों को दूर करने के लिए कैंप का आयोजन किया जाएगा। पूर्व सैनिक कैंप में जाकर पेंशन संबंधी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। बैठक में धन सिंह, एचएस बोरा, दान सिंह, दीवान सिंह, एमडी अवस्थी, पीडी अवस्थी, राजेंद्र बिष्ट आदि पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

### पीड़िता के परिजनों से मिली बाल संरक्षण आयोग की सदस्या

रुद्रपुर। शक्तिफार्म चौकी क्षेत्र में एक बालिका से दुष्कर्म की घटना के बाद रविवार को बाल संरक्षण आयोग की सदस्य सुमन राय ने परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आयोग दोषियों को सख्त सजा दिलाने की पैरवी करेगा। शनिवार को कोतवाली में शक्तिफार्म चौकी क्षेत्र की 12 वर्षीय किशोरी के दुष्कर्म के बाद गर्भवती होने की घटना सामने आने पर पीड़िता ने आरोपी पिता, उसके एक साथी और दूसरे गांव के एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दी थी। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया। पीड़िता का रुद्रपुर जिला अस्पताल में मेडिकल कराया था। रविवार को बाल संरक्षण आयोग की सदस्य सुमन ने कहा कि बाल संरक्षण आयोग पीड़िता के साथ घटित घटना को लेकर गंभीर है। उसको न्याय दिलाने के लिए दोषियों के खिलाफ सख्त सजा दिलाने को पैरवी करेगा, पीड़िता के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

### श्रीनगर और कीर्तिनगर में किया पौधरोपण

श्रीनगर। श्रीनगर व कीर्तिनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरेला पर्व धूमधाम से मनाया। श्रीनगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर निगम के लगभग सभी बूथों पर जाकर एक-एक पौधों का रोपण किया। सभी बूथों पर 100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। कार्यकर्ताओं के इस प्रयास की कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने सराहना की। दूसरी ओर कीर्तिनगर में क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी ने वन विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पौधों का रोपण किया। वहीं बजरंग दल कीर्तिनगर के प्रखंड संयोजक राहुल भंडारी, सूरज नौटियाल व डागर पट्टी संघर्ष समिति के संयोजक गौरव राणा द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। कहा हरेला पर्व के दिन से एक सप्ताह तक पौधरोपण कार्यक्रम चलाया जाएगा।

### हेरिटेज वॉक के तहत गोपीनाथ मंदिर का अवलोकन किया

चमोली। पर्यटन विकास परिषद तथा गढ़वाल विवि के पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गोपेश्वर में आयोजित की गई हेरिटेज वॉक के तहत युवाओं ने गोपेश्वर स्थित गोपीनाथ मंदिर का अवलोकन किया। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के पर्यटन विभाग द्वारा रविवार को चमोली जनपद के युवाओं के लिए आयोजित दस दिवसीय टूरिस्ट डेस्टिनेशन गाइड कोर्स के अंतर्गत मंदिर मार्ग, गोपीनाथ मंदिर, बैतरणी कुंड, प्राचीन बदरी केदार पुरातन मार्ग में एक हेरिटेज वॉक के साथ ही स्पॉट टीचिंग का विशेष सत्र आयोजित किया गया। गोपीनाथ मंदिर प्रांगण में डॉ. अरविंद भट्ट द्वारा गोपीनाथ मंदिर के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर स्पॉट टीचिंग की गई।

# नगर निगम की टीम ने आठ घंटे में उठाया करीब पांच हजार मिट्रिक टन कूड़ा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। नगर निगम की टीम शनिवार देर रात से रविवार सुबह तक हरकी पैड़ी एवं उसके आसपास के घाटों पर सफाई अभियान चलाया। नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने बताया कि नगर निगम के साढ़े तीन सौ कर्मचारियों ने आठ घंटों में करीब पांच हजार मिट्रिक टन कूड़ा उठाया। कूड़ा उठाने के लिए करीब अस्सी कूड़ा वाहनों को लगाया गया था। कावंड़ यात्रा के अंतिम तीन दिनों में काफी संख्या में कांवडियों के आ जाने से हरकी पैड़ी और उसके आसपास से कूड़ा उठाना नगर निगम के लिए संभव न हो सका था। जिसके चलते हरकी पैड़ी के मालवीय घाट, सुभाष घाट, नाई सोता घाट, गऊघाट, रोड़ी बेलवाला, पंतद्वीप एवं आसपास के क्षेत्रों के सफाई कार्य लगभग पूरी तरह से बंद हो गया था। जिसके चलते इन क्षेत्रों में कूड़े के ढेर लग गए थे। 15 जुलाई को शिवरात्रि के बाद से जैसे ही कांवडियों की भीड़ इन क्षेत्रों में कम हुई तो नगर निगम की टीम ने देर रात से इन क्षेत्रों में बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया। नगर आयुक्त ने बताया कि आज सोमवाती अमावस्या का स्नान है। इसलिए उससे पहले हरकी पैड़ी के आसपास के घाटों को समय रहते स्वच्छ करना एक चुनौती थी। नगर निगम की टीम ने रात भर काम कर गंगा घाट एवं उसके आसपास के इलाकों को पूरी तरह कूड़ा विहिन कर दिया। सफाई अभियान में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तरुण मिश्रा, सफाई निरीक्षक श्रीकांत, विकास कुमार, सुनित कुमार, धीरेंद्र सेमवाल आदि मौजूद रहे।

कांवडिये 28 हजार मिट्रिक टन कूड़ा छोड़ गए

चार जुलाई से 15 जुलाई तक चली कांवड़ यात्रा के दौरान चार करोड़ से अधिक कांवडिये हरिद्वार पहुंचे। नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने बताया कि पूरी कांवड़ यात्रा के दौरान आये कांवडिये 28 हजार मिट्रिक टन कूड़ा हरिद्वार में छोड़कर गए। जिसको निगम की टीम अभियान चलाते हुए अलग-अलग क्षेत्रों से उठा रही है।

# रेलवे ने 11 ट्रेनों का संचालन किया शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। मुरादाबाद मंडल रेल प्रशासन ने हरिद्वार जंक्शन से गुजरने वाली 11 निरस्त ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया है। साथ ही छह प्रभावित ट्रेन अब अपने गंतव्य स्टेशन तक पहुंचेगी।

बारिश के कारण मुरादाबाद मंडल के लक्सर रेल खंड में ट्रैक पर भारी जलभराव होने के कारण 11 ट्रेनों को संचालन 18 जुलाई तक निरस्त कर दिया गया था। लेकिन शनिवार देर रात को ट्रैक से पानी की निकासी कर रेलवे कर्मचारियों ने ट्रैक को साफ कर दिया। जिसके बाद ट्रेनों का संचालन दोबारा शुरू कर दिया गया है। रविवार को वरिष्ठ वाणिज्यक प्रबंधन कोचिंग सुधीर सिंह ने बताया कि रेलवे ट्रैक साफ होने के बाद निरस्त की गई ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू किया गया है। साथ ही छह प्रभावित ट्रेनें जिनको विभिन्न स्टेशनों पर रोक कर वापस भेजा जा रहा था। वह अब अपने आखरी स्टेशन तक संचालित होंगी। निरस्त ट्रेनों का संचालन होने से रेल यात्रियों को सुविधा होगी।

इन ट्रेनों का संचालन हुआ शुरू

देहरादून एक्सप्रेस (सूबेदारगंज-देहरादून), सूबेदारगंज एक्सप्रेस (देहरादून-सूबेदारगंज), देहरादून एक्सप्रेस (काठगोदाम-देहरादून), काठगोदाम एक्सप्रेस (देहरादून-काठगोदाम), देहरादून जनता एक्सप्रेस (बनारस-देहरादून), बनारस जनता एक्सप्रेस (देहरादून-बनारस), दून जनशताब्दी एक्सप्रेस, नैनी जनशताब्दी एक्सप्रेस (देहरादून-काठगोदाम), देहरादून राप्ती गंगा एक्सप्रेस (मुजफ्फरपुर-देहरादून), योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस (प्रयागराज-योगनगरी), प्रयागराज संगम एक्सप्रेस (योगनगरी-प्रयागराज)।

गंतव्य स्टेशनों तक जाने वाली ट्रेनें

दून एक्सप्रेस (हावड़ा-देहरादून), दून एक्सप्रेस (देहरादून-हावड़ा), उपासना एक्सप्रेस (हावड़ा-देहरादून), उपासना एक्सप्रेस (देहरादून-हावड़ा), कुंभ एक्सप्रेस (देहरादून-हावड़ा), कुंभ एक्सप्रेस (हावड़ा-देहरादून)।

## भाकियू क्रांति ने सीएम से मुआवजे की मांग की

रुड़की। भारतीय किसान यूनियन क्रांति के प्रदेश अध्यक्ष ने खेतों के जलभराव होने पर फसलें खराब होने पर मुआवजे की मांग मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से की है। गांव बसवाखेड़ी में भारतीय किसान यूनियन क्रांति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के आवास पर किसानों की बैठक को प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र सिंह संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झबरेड़ा क्षेत्र ही नहीं पूरे उत्तराखंड में अधिक बारिश होने से बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। इसमें सबसे अधिक नुकसान किसानों को उठाना पड़ा है। किसानों के खेतों में खड़ी गन्ना व पशु चारा की फसल तबाह हो गई है। कुछ स्थानों पर जहां लगातार कई दिनों तक खेतों में पानी भरा हुआ है। वहां पर धान की फसल भी चौपट हो गई है। खेतों में कई फुट तक पानी भरा होने से गन्ने व पशु चारे की फसल पूरी तरह डूब गई। ऐसे खेतों में सभी फसलें पूरी तरह तबाह हो गई है। किसानों की फसल तबाह होने से किसानों के सामने पशु चारे की समस्या भी मुंह बाकर खड़ी हो गई है। इस अवसर पर सुनील सैनी, राजपाल सिंह, कर्म सिंह, विक्रम सिंह, यशवीर सिंह, प्रदीप कुमार, महावीर, अशोक कुमार, इसरार अहमद, शमशाद अहमद, जयवीर, बाबूराम, कमल पाल, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## जलभराव की समस्या को लेकर की समीक्षा बैठक

रुड़की। मानसून शुरू होते ही लगातार हुई भारी बारिश के कारण नगर व आसपास के इलाकों में हुए जलभराव की समस्या को लेकर नगर निगम स्थित कार्यालय में समीक्षा बैठक हुई। जिसमें नगर के विभिन्न वार्डों में जलभराव की गंभीर समस्या के निस्तारण एवं जल निकासी को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। मेयर गौरव गोयल के साथ निगम अधिकारियों की हुई बैठक में जलभराव वाले क्षेत्रों में कार्यों में तेजी लाने, जल निकासी के लिए नालों को साफ करने और स्थानीय लोगों को हो रहीस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त एसपी गुप्ता व संजय कुमार, वरिष्ठ वित्त अधिकारी प्रशांत कुमार,जेई जल संस्थान हिमांशु त्यागी, जुनेद गौड, सफाई निरीक्षक अमित कुमार, मनसा नेगी, मोहन सिंह, राजेश कुमार, सचिन कुमार व मोहम्मद अकबर आदि मौजूद रहे।

## हरिद्वार ग्रामीण विधायक ने लालढांग क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना

हरिद्वार। हरिद्वार ग्रामीण की विधायक अनुपमा रावत ने लालढांग क्षेत्र का भ्रमण किया और बाढ़ के हालात झेल चुके पीड़ित परिवारों का हाल जाना। कांगड़ी और गाजीवाली में निर्माणाधीन हाईवे पर जल निकासी न होने के कारण गांव में जल भराव होने को लेकर हाइवे प्रशासन से तत्काल सुनियोजित व्यवस्था के लिए मौके से ही फोन पर वार्ता की। विधायक ने ग्राम पंचायत दूधला दयालवाला के नौकी वन क्षेत्र में तेज बारिश और बाढ़ के चलते अपना आशियाना खो चुके परिवारों से घर घर जाकर हाल जाना। उन्होंने वन विभाग के उच्च अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर वन गुज्जर परिवारों का सहयोग करने को कहा।

## आचार्य बालकृष्ण और सतपाल ब्रहमचारी ने झंडी दिखा माउंटेन साइकिल रैली को किया रवाना

हरिद्वार। श्री राधा कृष्ण धाम में नेहरू माउंटेनियरिंग उत्तरकाशी की वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत आई साइकिल रैली को पतंजलि योग पीठ के आचार्य बालकृष्ण व कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा उत्तराखंड के घर-घर से एक व्यक्ति देश की सेना में काम करते हुए राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है। हमारा सौभाग्य है कि हमारा प्रदेश सैन्य बाहुल्य प्रदेश कहलाता है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा उत्तराखंड के वीर देश की सेना के शीर्ष पदों पर रहकर देश की सेवा कर रहे हैं। साइकिल रैली का उद्देश्य उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र के खाली होने वाले दूरस्थ गांव दोबारा बसाने के लिए लोगों को जागरूक कराना है। ताकि गांव आबाद होने से देश की सीमाएं भी सुरक्षित रह सके। एनआईएम उत्तरकाशी के प्रधानाचार्य कर्नल अंशुमान भदोरिया, उप प्रधानाचार्य मेजर देवल वाजपेई, अभियान के तीन इंस्पेक्टर राकेश राणा, दीप बहादुर शाह रैली में शामिल है। नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग उत्तरकाशी की माउंटेन साइकिल रैली शनिवार को हरिद्वार पहुंची थी। भारत चीन सीमा पर स्थित गांव जादूंग उत्तरकाशी से इस रैली का शुभारंभ हुआ था। यह रैली उत्तराखंड राज्य के 11 जिलों का भ्रमण कर रही है। जिसमें हरिद्वार पड़ाव का दसवां जिला है।

## कांवड़ यात्रा खत्म होने के बाद पटरी पर लौटा जनजीवन

हरिद्वार। मार्बल व्यवसायी के घर चोरी की वारदात को किराएदार महिला ने ही अंजाम दिया था। रानीपुर पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए आरोपी महिला एवं एक सर्राफ को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से नकदी एवं सोने के जेवरात बरामद हुए हैं। क्षेत्र की टिहरी विस्थापित कॉलोनी निवासी पेशे से मार्बल व्यवसायी सत्य प्रकाश अग्रवाल पुत्र रामगोपाल अग्रवाल ने अपनी महिला किराएदार के खिलाफ घर से 40 हजार की रकम चोरी कर ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो रही महिला किराएदार सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। इस बात की भनक उसे भी लग गई थी। इसलिए उसने इंटरनेट का राउटर स्विच ऑफ कर दिया था। हैरानी की बात यह थी कि किराएदार ने ही घर से बाहर गए मकान मालिक को दरवाजा खुला होने की सूचना दी थी। मकान मालिक की शिकायत पर हरकत में आई रानीपुर पुलिस ने जब महिला किराएदार से पूछताछ की तब उसने मौजूदा चोरी के साथ साथ कुछ माह पूर्व भी मकान मालिक के घर से सोने के जेवरात चोरी कर लेने की घटना कबूली। कबूला कि उसने जेवरात खुशी ज्वेलर्स के स्वामी सरफराज निवासी मोहल्ल कैथवाडा ज्वालापुर को बेच दिए हैं। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपी महिला गुरजीत कौर निवासी ग्राम नाईपुरा थाना हिमपुर दीपा जिला बिजनौर यूपी के कबूलनामे के बाद आरोपी सर्राफ सरफराज को भी गिरफ्तार किया गया। महिला किराएदार ने जेवरात 2.60 लाख में बेचे थे। सर्राफ के कब्जे से बेचे गए छह कंगन पीली धातु, एक चेन , एक जोड़ी कान के टॉप्स बरामद कर लिए गए हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी महिला एक पैथ लैब का संचालन करती है और उसका पति एक औद्योगिक इकाई में कार्यरत है।

## संक्षिप्त खबरें

### हरेला पर्व पर रोपे विभिन्न प्रजाति के 300 पौधे

रुद्रप्रयाग। जनपद में हरेला पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वन विभाग के सहयोग से जवाड़ी-दरमोला-रौठिया-घेंघड मार्ग में जनपद स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रजातियों के 300 पौधों का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, जिलापंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने सभी को लोक पर्व हरेला की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु ने कहा कि जनपद में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम में जवाड़ी एवं दरमोला महिला मंगल दल की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत एवं नुक्कट नाटक, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जबकि कवि जगदंबा चमोला, ओमप्रकाश सेमवाल एवं पुरूषोत्तम भट्ट द्वारा भी पर्यावरण संरक्षण एवं संवद्र्धन के लिए कविता पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कलश के संयोजक ओमप्रकाश सेमवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, ब्लॉक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार, प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु, मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, जिला पंचायत सदस्य भारत भूषण भट्ट, प्रधान ग्राम जवाड़ी पार्वती नौटियाल, दरमोला संत लाल, जिला विकास अधिकारी अनिता पंवार, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद प्रसाद सिमल्टी, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जिला युवा कल्याण अधिकारी शरत सिंह भंडारी, जिला पूर्ति अधिकारी केके अग्रवाल, खंड विकास अधिकारी जखोली दिनेश मैठाणी, सूचना अधिकारी रती लाल शाह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, महिला मंगल दल, क्षेत्रीय जनप्रतिधि, स्थनीय जनता एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### मनणा माई लोकजात यात्रा 21 जुलाई से शुरू होगी

रुद्रप्रयाग। रांसी स्थित मां राकेश्वर मंदिर से प्रसिद्ध मनणी माई लोकजात यात्रा का 21 जुलाई को शुभारंभ होगा। इसके लिए मद्महेश्वर घाटी के राकेश्वरी मंदिर रांसी सहित आसपास के क्षेत्रों में तैयारियां शुरू हो गई है। यह यात्रा रांसी से मनणा माई धाम तक कुल 32 किमी का पैदल सफर तय करेगी। हर साल सावन माह के प्रथम सप्ताह में शुरू होने वाली मनणामाई की लोकजात रांसी से 32 किमी की लंबी उत्तर दिशा की ओर मनणी बुग्याल तक जाती है। इस बार लोकजात का दिन 21 जुलाई को तय हुआ है। पहले दिन मनणी की भोगमूर्ति के साथ स्थानीय लोग रांसी गांव से यात्रा प्रारम्भ पहले पड़ाव थोली बुग्याल पहुंचेगी। 22 जुलाई से थौली से मनणी नदी को पैदल पार करते हुए अपने धाम मनणी बुग्याल पहुंचेगी। 23 जुलाई को प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में मां की भोगमूर्ति को पूजा अनुष्ठान के मंदिर में स्थापित किया जाता है। भव्य पूजा-अर्चना के बाद देवी की मूर्ति को ब्रह्म कमलों तथा अन्य पुष्पों से ढका जाएगा। इसी दिन लोकजात रात्रि विश्राम के लिए वापस थौली पहुंचेगी। 24 जुलाई को यात्रा सनियारा बुग्याल पहुंचेगी। 25 जुलाई को रांसी गांव के राकेश्वरी देवी मंदिर में लोकजात का समापन होगा। रांसी मंदिर के पुजारी वीपी भटट ने बताया कि मनणीमाई लोकजात को लेकर 21 जुलाई की तिथि तय की गई है। सुबह पांच बजे मां की भोगमूर्तियों को पूजा अर्चना के बाद डोली सजाया जाएगा। जिसके बाद लोकजात यात्रा मनणी को रवाना होगी। मनणी में मां की विशेष पूजा अर्चना के बाद यात्रा वापस लौटेगी। यात्रा में लगभग पांच दिनों का समय लगेगा।

### नौ पेटी अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

रुद्रप्रयाग। पुलिस ने जिले में नौ पेटी अवैध शराब के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। यात्रा सीजन में अब तक पुलिस ने करीब साढ़े आठ लाख रुपये मूल्य की 1304 बोतल शराब की बरामद कर दी है। जनपद पुलिस शराब तस्करी को रोकने के लिए लगातार अभियान चला रही है। प्रभारी निरीक्षक अगस्त्यमुनि सदानंद पोखरियाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक वैगनार कार से 9 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने करण सिंह निवासी ग्राम सिलवाड़ी जखोली एवं सूरवीर सिंह, निवासी घंघासू बसुकेदार को गिरफ्तार उनके विरुद्ध थाना अगस्त्यमुनि में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। शराब परिवहन वाहन को सीज किया गया। यात्रा काल में अब तक जनपद पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कुल 38 मुकदमों में 60 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लगभग साढे 8 लाख की 1304 बोतल शराब की बरामदगी की। एसएचओ पोखियरयाल ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब एवं नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस का अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध धरपकड़ अभियान निरन्तर जारी है। पुलिस टीम में एसएचओ सदानन्द पोखरियाल, एसआई ललित मोहन भट्ट, हेड कांस्टेबल पंकज सिंह, सुरेंद्र सिंह एवं चालक संतोष सिंह शामिल थे।

### श्रीनगर और कीर्तिनगर में किया पौधरोपण

श्रीनगर। श्रीनगर व कीर्तिनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरेला पर्व धूमधाम से मनाया। श्रीनगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर निगम के लगभग सभी बूथों पर जाकर एक-एक पौधों का रोपण किया। सभी बूथों पर 100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। कार्यकर्ताओं के इस प्रयास की कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने सराहना की। दूसरी ओर कीर्तिनगर में क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी ने वन विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पौधों का रोपण किया। वहीं बजरंग दल कीर्तिनगर के प्रखंड संयोजक राहुल भंडारी, सूरज नौटियाल व डागर पट्टी संघर्ष समिति के संयोजक गौरव राणा द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। कहा हरेला पर्व के दिन से एक सप्ताह तक पौधरोपण कार्यक्रम चलाया जाएगा।

### छात्र हित और राष्ट्र हित के लिए कार्य कर रही एबीवीपी: डा. रावत

श्रीनगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर मेडिकल कालेज श्रीनगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर राष्ट्र पुनर्निर्माण में चिकित्सकों की भूमिका विषय पर ओपन माइक कार्यक्रम में एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष लखपत सिंह भंडारी ने कहा कि एबीवीपी एकमात्र ऐसा संगठन है, जो छात्रों ही नहीं अपितु समाज की भी चिंता करता है। कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव ही छात्र हित के संरक्षण, राष्ट्रहित और समाज के विकास के लिए तत्परता के साथ कार्य करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सीएमएस रावत ने कहा कि एबीवीपी राष्ट्रहित और छात्र हित में निरंतर कार्य करती आ रही है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व को अनुसरण करने की बात कही। प्रदेश मंत्री ऋांशु कण्डारी ने एबीवीपी के 75 वर्षों की लंबी यात्रा को विद्यार्थियों के मध्य रखा। कहा कि ज्ञान, शील, एकता के मूल मंत्र पर काम करने वाला विद्यार्थी परिषद दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। परिषद के कार्यकर्ता राष्ट्रवाद और राष्ट्रनिर्माण की भावना से ओत प्रोत होते हैं।